Total No. of Printed Pages—8

**HS/XII/A. Sc. Com/H/25**

**2025**

**HINDI**

**( Modern Indian Language )**

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part—A (Objective Questions) serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 50 )

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) उषा सूर्यास्त के ठीक पहले के पल-पल परिवर्तित प्रकृति का शब्द-चित्र है।

(ख) हिन्दुस्तान-पाकिस्तान की एकता का मेवा 'कीनू' को कहा गया है।

(ग) हिन्दी साहित्य में जैनेन्द्र कुमार आंचलिक उपन्यासकार के रूप में प्रतिष्ठित थे।

(घ) रात्रि की विभीषिका को सिर्फ पहलवान की ढोलक ही ललकारकर चुनौती देती रहती थी।

(ङ) लेखक की दृष्टि में, करुणा और हास्य के तत्त्वों का सामंजस्य चार्ली की सबसे बड़ी विशेषता रही है।

(च) जातिप्रथा मनुष्य को जीवन भर के लिए एक ही पेशे में बाँध देती है।

(छ) विस्थापित होकर आई सिख बीबी आज भी ढाका को ही अपना वतन मानती है।

(ज) 'बादल' किसान के लिए उल्लास एवं निर्माण का, तो मजदूर के संदर्भ में क्रांति एवं बदलाव का अग्रदूत है।

(झ) 'बात सीधी थी पर' नामक कविता 'अनामिका' में छः खंडों में प्रकाशित है।

(ञ) 'रामचरितमानस' के 'अयोध्या कांड' से गृहीत लक्ष्मण के शक्ति-बाण लगने का प्रसंग कवि की मार्मिक स्थलों की पहचान का एक श्रेष्ठ नमूना है।

(ट) विष्णु खरे विश्व साहित्य के साथ-साथ विश्व सिनेमा के भी गहरे जानकार हैं।

(ठ) 'हरिवंश राय बच्चन' की प्रारम्भिक कविताओं में उमर खय्याम के मस्तानापन का प्रभाव दिखाई पड़ता है।

**2.** कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **पाँच**) : 1×5=5

(क) मैं जला हृदय में अग्नि, ______ करता हूँ। (दहा/बहा)

(ख) दारिद ______ दबाई दुनी दीन बंधु! दुरित दहन देखि तुलसी हहा करी। (गजानन/दसानन)

(ग) यों ही ______ वर्ष बीत गए। पहलवान अजेय रहा। (बीस/पंद्रह)

(घ) मूलतः हम सब चार्ली हैं क्योंकि हम ______ नहीं हो सकते। (सुपरमैन/बैटमैन)

(ङ) "जी हाँ! मैं ______ की हूँ। अपने भाइयों से मिलने आई थी।" (अमृतसर/लखनऊ)

(च) ऊँचे बाज़ार का आमंत्रण मूक होता है और उससे ______ जगती है। (राह/चाह)

(छ) ______ लोक-कला और इसके कलाकार के अप्रासंगिक हो जाने की कहानी है। (नमक/पहलवान की ढोलक)

**3.** प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए (कोई **पाँच**) : 1×5=5

(क) ''अट्टालिका नहीं है रे आतंक भवन'' —किस कवि की उक्ति है?

*(i)* तुलसीदास

*(ii)* कुँवर नारायण

*(iii)* सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

*(iv)* हरिवंश राय 'बच्चन'

(ख) ''सुनि दसकंधर बचन तब कुंभकरन बिलखान'' यहाँ 'दसकंधर' किसे कहा गया है?

*(i)* राम को

*(ii)* रावण को

*(iii)* भरत को

*(iv)* मेघनाथ को

(ग) राज-दरबार का दर्शनीय 'जीव' किसे कहा गया है?

*(i)* लुट्टन को

*(ii)* राजा साहब को

*(iii)* मैनेजर साहब को

*(iv)* लुट्टन के पुत्रों को

(घ) ''मैं पढ़-लिखकर वकील बनूँगा, अछूतों के लिए नया कानून बनाऊँगा और छुआछूत को खत्म करूँगा।'' यह कथन किसका है?

*(i)* महात्मा गाँधी

*(ii)* विष्णु खरे

*(iii)* शेखर जोशी

*(iv)* भीमराव अम्बेडकर

(ङ) ''मैं वह खंडहर का भाग लिए फिरता हूँ।'' यह किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* निशा निमंत्रण

*(ii)* आत्मपरिचय

*(iii)* बात सीधी थी पर

*(iv)* बादल राग

(च) ''सच्चा कर्म सदा अपूर्णता की स्वीकृति के साथ होता है।'' यह पंक्ति किस पाठ की है?

*(i)* नमक

*(ii)* पहलवान की ढोलक

*(iii)* चार्ली चैप्लिन यानी हम सब

*(iv)* बाज़ार दर्शन

**4.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *100* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) शिलांग में ट्रैफिक की समस्या और समाधान

(ख) डिजिटल इंडिया

(ग) आज के नवयुवकों पर चलचित्रों का प्रभाव

(घ) नारी सुरक्षा

(ङ) बाढ़ : समस्या और समाधान

**5.** आपकी बहन किसी दूसरे शहर में आवासीय विद्यालय में पढ़ती है। उसे एक पत्र लिखकर समाज में बढ़ रहे अपराधों के बारे में सचेत कराएँ। 10

**अथवा**

अपने जीवन-लक्ष्य के बारे में बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

निरंतर बढ़ती महँगाई की ओर ध्यान आकर्षित कराने के लिए समाचार-पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में से (क) **अथवा** (ख) का उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10

जहाँ भी दो नदियाँ आकर मिल जाती हैं, उस स्थान को अपने देश में 'तीर्थ' कहने का रिवाज है। और यह केवल रिवाज की ही बात नहीं है; हम सचमुच मानते हैं कि अलग-अलग नदियों में स्नान करने से जितना पुण्य होता है, उससे कहीं अधिक पुण्य संगम स्नान में है। किन्तु, भारत आज जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें असली संगम वे स्थान, वे सभाएँ तथा वे मंच हैं, जिन पर एक से अधिक भाषाएँ एकत्र होती हैं।

नदियों की विशेषता यह है कि वे अपनी धाराओं में अनेक जनपदों का सौरभ, अनेक जनपदों के आँसू और उल्लास लिए चलती हैं और उनके पारस्परिक मिलन में वास्तव में मानव के आँसू और उमंग, भाव और विचार, आशाएँ और शंकाएँ समाहित होती हैं। अतः जहाँ भाषाओं का मिलन होता है, वहाँ वास्तव में विभिन्न जनपदों के हृदय ही मिलते हैं, उनके भावों और विचारों का ही मिलन होता है तथा भिन्नता में छिपी हुई एकता वहाँ कुछ अधिक प्रत्यक्ष हो उठती है। इस दृष्टि से भाषाओं के संगम आज सबसे बड़े तीर्थ हैं और इन तीर्थों में जो भी भारतवासी श्रद्धा से स्नान करता है, वह भारतीय एकता का सबसे बड़ा सिपाही और संत है।

हमारी भाषाएँ जितनी ही तेजी से जगेंगी, हमारे विभिन्न प्रदेशों का पारस्परिक ज्ञान उतना ही बढ़ता जाएगा। भारतीय केवल अपनी ही भाषा में प्रसिद्ध होकर न रह जाएँ, बल्कि भारत की अन्य भाषाओं में भी उनके नाम पहुँचे और उनकी कृतियों की चर्चा हो। भाषाओं के जागरण का आरंभ होते ही एक प्रकार का अखिल भारतीय मंच अपने आप प्रकट होने लगा है। आज प्रत्येक भाषा के भीतर यह जानने की इच्छा उत्पन्न हो गई है कि भारत की अन्य भाषाओं में क्या हो रहा है, उनमें कौन-कौन से लेखक हैं, तथा कौन-सी विचारधारा वहाँ प्रभुसत्ता प्राप्त कर रही है।

*(i)* तीर्थ किसे कहते हैं? संगम स्नान का क्या महत्त्व है? 2

*(ii)* भाषा-संगमों में भारत की किन विशेषताओं का संगम होता है? 2

*(iii)* दो नदियों का मिलन किसका प्रतीक है? 2

*(iv)* लेखक ने सबसे बड़ा सिपाही और संत किसको कहा है और क्यों? 3

*(v)* उपर्युक्त गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

**अथवा**

(ख) *(i)* निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए (कोई **चार**) : 1×4=4

(अ) पर + उपकार

(आ) वार्षिक + उत्सव

(इ) प्रति + एक

(ई) एक + एक

(उ) कृष्ण + अवतार

(ऊ) सम् + तोष

*(ii)* निम्नलिखित शब्दों के समास-विग्रह कीजिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) सुख-दुःख

(आ) चौराहा

(इ) राष्ट्रपति

(ई) नीलकंठ

(उ) रसोईघर

*(iii)* निम्नलिखित वाक्यों में से सरल, मिश्र और संयुक्त वाक्य पहचानिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) श्यामा खाना खाकर सो गई।

(आ) सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा।

(इ) प्रातःकाल होने पर पक्षी चहचहाने लगते हैं।

(ई) जैसे ही मैं विद्यालय पहुँचा वैसे ही घंटी बज गई।

(उ) यद्यपि वह हर तरह के संकटों से घिरा था, तथापि निराश नहीं हुआ।

## ( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

**7.** निम्नलिखित पद्यों/अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5×2=10

(क) निज जननी के एक कुमारा।
तात तासु तुम्ह प्रान अधारा।
सौंपेसि मोहि तुम्हहि गहि पानी।
सब बिधि सुखद परम हित जानी॥

**अथवा**

मैं रोया इसको तुम कहते हो गाना,
मैं फूट पड़ा, तुम कहते, छंद बनाना;
क्यों कवि कहकर संसार मुझे अपनाए,
मैं दुनिया का हूँ एक नया दीवाना!

**अथवा**

हँसते हैं छोटे पौधे लघुभार—
शस्य अपार,
हिल-हिल
खिल-खिल
हाथ हिलाते,
तुझे बुलाते
विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते।

(ख) कुछ देर उकड़ूँ बैठी वह पुड़िया को तकती रही और उन कहानियों को याद करती रही जिन्हें वह अपने बचपन में अम्मा से सुना करती थी, जिनमें शहजादा अपनी रान चीरकर हीरा छिपा लेता था और देवों, खौफ़नाक भूतों तथा राक्षसों के सामने से होता हुआ सरहदों से गुजर जाता था।

**अथवा**

आकाश में तारे चमक रहे थे। पृथ्वी पर कहीं प्रकाश का नाम नहीं। आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता, तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी। अन्य तारे उसकी भावुकता अथवा असफलता पर खिलखिलाकर हँस पड़ते थे।

**अथवा**

चार्ली का चिर-युवा होना या बच्चों जैसा दिखना एक विशेषता तो है ही, सबसे बड़ी विशेषता शायद यह है कि वे किसी भी संस्कृति को विदेशी नहीं लगते। यानी उनके आसपास जो भी चीज़ें, अड़ंगे, खलनायक, दुष्ट औरतें आदि रहते हैं वे एक सतत 'विदेश' या 'परदेश' बन जाते हैं।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में दीजिए (कोई **पाँच**) : $2\times5=10$

(क) 'अस्थिर सुख पर दुःख की छाया' पंक्ति में दुःख की छाया किसे कहा गया है?

(ख) चैप्लिन की कुछ प्रसिद्ध फिल्मों के नाम लिखिए।

(ग) मनुष्यों की क्षमता किन तीन बातों पर निर्भर करती है?

(घ) शीतल वाणी में आग के होने का क्या अभिप्राय है?

(ङ) कौन-से लोग फ़िज़ूल खर्च नहीं करते?

(च) जब मैनेजर और सिपाहियों ने लुट्टन को चाँद सिंह से लड़ने से मना कर दिया, तो लुट्टन ने क्या कहा?

(छ) पेट की आग का शमन कौन कर सकता है?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए (कोई **दो**) : 5×2=10

(क) 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर 'पैसे की व्यंग्य शक्ति' कथन को स्पष्ट कीजिए।

(ख) सफ़िया लाहौर में कितने दिन रुकी? वहाँ उसका क्या सम्मान हुआ? उसके सामने क्या समस्या आई?

(ग) कविता के किन उपमानों को देखकर यह कहा जा सकता है कि 'उषा' कविता गाँव की सुबह का गतिशील शब्द-चित्र है?

(घ) लक्ष्मण के मूर्छित हो जाने पर राम की मनोदशा क्या थी? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'बात सीधी थी पर' नामक कविता के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4=20

(क) युद्ध के दौरान शहरों का माहौल कैसा हो गया था? सविस्तार लिखिए।

(ख) मुअनजोदड़ो के कृषि उत्पादों तथा उद्योग के विषय में बताइए।

(ग) खुदाई में मिले महाकुंड का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(घ) लेखक ने राजस्थान और सिन्ध के प्राकृतिक वातावरण का वर्णन करते हुए किस अंतर को स्पष्ट किया है?

(ङ) 'डायरी के पन्ने' के आधार पर पीटर के स्वभाव की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(च) अज्ञातवास में रहते हुए भी ऐन फिल्मों के प्रति अपनी रुचि एवं जानकारी कैसे बनाए रखती है?

(छ) क्या प्राचीनकाल में रँगाई का काम होता था? 'अतीत में दबे पाँव' नामक पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

★★★